# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक– परीक्षा पी.जी., प्रोफेशनल संचालन/2026/1249 दिनांकः 30/4/26

**ग्रेडिंग/नॉन ग्रेडिंग पद्धति के तहत नियमित विद्यार्थियों के स्नातकोत्तर/व्यावसायिक सेमेस्टर II, IV, VI, VIII, X एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर द्वितीय के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति**

विश्वविद्यालय नोटिफिकेशन नं– 36 अध्यादेश–199 H-1 to H-8 (under the choise based credit system) आधारित, Circular No. NEP-2020/Acad.I/2025/3113-513 Dated 09-09-2025 एवं Ordinance: 199-F तथा पत्र क्रमांक परीक्षा 5–ब/2026/1070 दिनांक 27.04.2026 के अनुसरण में परीक्षा मई, 2026 में राजस्थान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर (Post-Graduate)/व्यावसायिक विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत II, IV, VI, VIII, X सेमेस्टरों के परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म **वेबसाईट** www.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने की तिथियाँ निम्नानुसार है, साथ ही उक्त सेमेस्टर के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की परीक्षाऐं माह मई, 2026 के तृतीय/चतुर्थ सप्ताह में आयोजित होना प्रस्तावित है:–

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम | तिथियॉ |
|---|---|---|
| 1 | M.A./ M.Sc./ M.Com., LL.B. Semester/ B.A.LL.B. Semester/ P.G. Diploma's Semester II, IV, VI, VIII, X -Semester Grading/ Non Gradig Scheme के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी | दिनांक 01.05.2026 से 07.05.2026 |

नोटः
1. आवश्यक दिशा–निर्देश का विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अवलोकन करें।
2. सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार नहीं करें।
3. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने में आ रही तकनीकी समस्याओं के निवारण हेतु हेल्प लाईन नम्बर 7726953531, 7688828545 अथवा टोल फ्री नम्बर 18001806433 एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर 9372505528 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
4. परीक्षा संबंधी अन्य समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in, https://erp.univraj.org एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।
5. परीक्षार्थी अपनी योग्यता की जांच स्वयं के दस्तावेज के अनुसार करें, अयोग्य परीक्षार्थियों का जमा कराया गया परीक्षा शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

## सामान्य निर्देश

1. विश्वविद्यालय के समस्त नव प्रवेशित पाठ्यक्रमों में नियमित विद्यार्थियों का CSV File के माध्यम से ही आवेदन होगा। अतः महाविद्यालय/विभाग यह सुनिश्चित करें कि नियमानुसार योग्य परीक्षार्थियों की ही CSV File Upload करें।
2. **Post Graduate के नियमित विद्यार्थियों को सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में पाठ्यक्रमानुसार न्यूनतम अंक व न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी। अतः परीक्षार्थी अपनी योग्यता की जॉच कर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।**
3. जो विद्यार्थी सतत् मूल्यांकन में अनुपस्थित रहते है अथवा न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त नहीं कर पाते हैं ऐसे विद्यार्थियों को EoSE परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। साथ ही समस्त विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/प्राचार्या, संघटक, सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि जिन योग्य विद्यार्थियों के सतत् मूल्यांकन अंक पोर्टल पर भरे जाएंगे उन्हीं विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र भरवाया जाएगा।
4. जिन विद्यार्थियों के आन्तरिक मूल्यांकन के अंक पोर्टल पर दिनांक 30.04.2026 तक अपलोड हो चुके है, वे विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते हैं तथा परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि तक आंतरिक मूल्यांकन का पोर्टल भी खुला रहेगा।

5. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID/APAAR ID आवश्यक है। अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई-मेल आई.डी., आधार कार्ड नम्बर व ABC ID दर्ज करें, गलत सूचना दर्ज की जाने पर आवेदन पत्र निरस्त की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

6. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा-निर्देश वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** and **www.univraj.org** पर उपलब्ध हैं। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों की विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय हैण्डबुक के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा-निर्देशों का अवलोकन करें।

7. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने के पश्चात् 24 घंटे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify की जॉच करने पर यदि Payment Not Success होता है (भुगतान नहीं होता है) तब पुनः (दुबारा) भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ करें। निर्धारित समयावधि से पूर्व अतिरिक्त भुगतान की जिम्मेदारी आवेदक की होगी तथा विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।

8. यदि Payment Success के उपरान्त भी यदि आवेदक द्वारा एक से अधिक परीक्षा आवेदन के लिए भुगतान किया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी, तथा विश्वविद्यालय में जमा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।

9. परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। परीक्षा आवेदन पत्र तथा नामांकन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ आगामी दो कार्य दिवसों में, संबंधित महाविद्यालय/विभाग में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र को स्वीकार नहीं होगा। अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा सह नामांकन आवेदन पत्र जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र ही स्वीकार होंगे।

10. संबंधित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी स्पष्टतया नोट करे कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं को एक बार ही नामांकन संख्या आवंटित की जाती है, भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संदर्भ में आवंटित की गयी नामांकन संख्या पूर्ववत (Same as already allotted) रहेगी। इसके पश्चात् भी यदि विद्यार्थी नामांकन संख्या परीक्षा आवेदन पत्र पर नहीं भरता है तो प्रक्रियानुसार नामांकन शुल्क वापस देय नहीं होगा।

11. स्नातकोत्तर (M.A./M.Sc./M.Com.) परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। **अतः प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।**

12. परीक्षार्थी एक समय में केवल एक ही पूर्ण सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।

13. परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531, 9251198577** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

30.04.26

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा / 2026 / 1250–60 दिनांकः 30/4/26

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (अ) समस्त विभागाध्यक्ष / प्राचार्य / प्राचार्या, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि यह सुनिश्चित करें कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्रों की अलग–अलग प्रति / हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों सहित विशेष रूप से स्नातक, अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र तथा अंकतालिका की प्रति नामांकन पत्र के साथ संलग्न हैं एवं सही है। परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन विश्वविद्यालय वेबसाईट www.univraj.org से पूर्व कार्यालय पत्र परीक्षा 6–च / 2026 / 1070 दिनांक 27.04.2026 के अनुसरण में विश्वविद्यालय पोर्टल पर नव प्रवेशित परीक्षार्थियों की CSV File संबंधित विभाग / महाविद्यालयों द्वारा Upload किया जाना प्रक्रियान्तर्गत है तथा तदनुसार सभी परीक्षार्थियों के अपनी ABC ID/APAAR ID के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरे जाने के पश्चात् NEP Ord. 199-H एवं Ord. 199 F-3(j) Grading/Non-Grading Scheme Semester के तहत 75 प्रतिशत उपस्थिति, सतत् मूल्यांकन (Continious Assessment) में न्यूनतम अंक अर्जित करने वाले पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्रों मय समस्त आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज (पूर्व में उत्तीर्ण, अनुत्तीर्ण समस्त अंकतालिकाएं इत्यादि) सहित सभी आवश्यक पूर्ति कर योग्य छात्रों की सूची सहित परीक्षा 5–ब कमरा नं. 127 (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) तथा परीक्षा 5–अ कमरा नं. 131 (व्यावसायिक पाठ्यक्रम) में समस्त परीक्षा आवेदन पत्रों को कृपया संबंधित विभागों / महाविद्यालयों के निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्राचार्य द्वारा ऑनलाईन प्रक्रियानुसार जांच कर तदनुसार वेबसाईट पर सत्यापन कर Generated Nominal Roll अनुसार दिनांक 11.05.2026 तक निश्चित रूप से अग्रेषित किये जाने का श्रम करें। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा–निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।**

(ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष (प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर) हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

(स) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा आवेदन पत्र एवं नामांकन पत्र का अग्रेषण का शुल्क रू. 8/– प्रति छात्र देय होगा, बिन्दु संख्या–1(अ) की पूर्ण पालना नहीं करने पर देय शुल्क राशि में से कटौती होगी।

2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा मई, 2026 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
4. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध सीटों सहित संबंधित कम्प्यूटर फर्म को भिजवाने का श्रम करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को मुख्य समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को सूचित कर लेख है कि विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षार्थियों के ऑनलाईन आवेदन पत्र ABC ID /APAAR ID के माध्यम से भरवाने का श्रम करें तथा II, IV, VI, VIII, X -Semester Grading/Non Grading Scheme की जिन विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन (Continious Assessment) जिन–जिन पेपरों में पोर्टल पर प्राप्त न्यूनतम अंकों की अर्हता पूर्ण की हो उन विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म उन्हीं पेपरों में खोलने का श्रम करें।
7. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी / विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
8. वरिष्ठ निजी सहायक कुलगुरू / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक –द्वितीय / सेलर– I, II / परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

## ग्रेडिंग/नॉन ग्रेडिंग पद्धति के तहत नियमित विद्यार्थियों के स्नातकोत्तर/व्यावसायिक सेमेस्टर II, IV, VI, VIII, X एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर द्वितीय के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी दिशा–निर्देश

1. सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी अधिसूचना (Circular No. NEP-2020/Acad.I/2025/3113-513 Dated 09-09-2025) का अवलोकन कर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
2. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर/व्यावसायिक प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर, 2025 (स्वयंपाठी/नियमित) का परीक्षा आवेदन पत्र भरने से वंचित रहे विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा मई, 2026 का आवेदन कर सकते हैं। इन विद्यार्थियों का प्रथम सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर के पश्चात् प्रक्रियानुसार आयोजित किया जाएगा।
3. **स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्र/छात्राओं का नामांकन/पंजीकरण कार्यालय आदेश क्रमांकः परीक्षा–6–अ/2025/974–82 दिनांक 18.07.2025 के अनुसार किया जावेगा व छात्र को आवंटित रजिस्ट्रेशन नम्बर के आधार पर परीक्षा फॉर्म भरा जावेगा।**
4. माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। नियमित छात्रों को पाठ्यक्रम के सेमेस्टर अन्त में परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में सी–ग्रेड (40 प्रतिशत) अंक भी प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।
5. सम्बन्धित प्राचार्य अपने स्तर पर 40 प्रतिशत अंक व 75 प्रतिशत उपस्थिति के सुनिश्चित होने के उपरान्त ही सम्बन्धित विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें। यदि किसी विद्यार्थी के अग्रेषित परीक्षा आवेदन पत्र में उपरोक्त त्रुटि पाये जाने पर महाविद्यालय पर नियमानुसार कार्यवाही कर पेनल्टी लगायी जा सकती है।
6. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम M.A./M.Sc./M.Com. में द्विवर्षीय उपाधि पूर्ण करने के लिए कुल 120 क्रेडिट अर्जित करने आवश्यक हैं। विद्यार्थी को समस्त अनिवार्य प्रश्न पत्र (CC Course) के साथ (EC Course) वैकल्पिक प्रश्न पत्र का चयन करना होगा।
7. स्नातकोत्तर/व्यावसायिक II, IV, VI, VIII, X -Semester Grading/ Non Grading Scheme पाठ्यक्रम के नियमित/स्वयंपाठी विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरने से पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** पर उपलब्ध पाठ्यक्रम का अध्ययन कर 36 क्रेडिट के विषयों का चयन कर अपना ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरें, जिसमें नियमित/स्वयंपाठी विद्यार्थियों को तीन अनिवार्य विषय (CCC) एवं तीन वैकल्पिक विषय (ECC) का चयन करना है। जिस पाठ्यक्रम में प्रायोगिक विषय है उसमें विद्यार्थियों को दो प्रायोगिक विषयों का अतिरिक्त चयन करना होगा।
8. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन भरने हेतु ABC ID/APAAR ID आवश्यक है। अतः छात्र निर्धारित स्थान पर **स्वयं का मोबाईल नम्बर,** ABC ID व आधार कार्ड नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।
9. सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.univraj.org पर अपनी ABC ID/APAAR ID के द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन करते हुये संबंधित कक्षा की श्रेणी यथा नियमित/स्वयंपाठी का चयन कर अध्ययन किये गये विषयों का चयन करते हुये परीक्षा फॉर्म भरेंगे।
10. परीक्षा आवेदन पत्र, समय सारिणी तथा परीक्षा आयोजन संबंधी अन्य जानकारियों हेतु वेबसाईट **www.uniraj.ac.in and www.univraj.org** का निरंतर अवलोकन करते रहें।
11. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क के भुगतान होने की सूचना मिलने पर भुगतान का अपडेट सुनिश्चित किये जाने पर (Payment Verify) ही पुनः भुगतान 12 घंटे पश्चात् ही किया जावे। विद्यार्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय सभी प्रविष्टियॉ सही रूप से भरें, अन्यथा कोई भी त्रुटि होने पर या गलत जानकारी भरने के कारण परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थी की होगी, साथ ही पेमेंट सफल होने के उपरांत भी आवेदक द्वारा जानबूझकर एक से अधिक परीक्षा आवेदन के लिए भुगतान किया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थी की होगी एवं विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापिस (Refund) नहीं होगा।**
12. परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानीपूर्वक भरें। परीक्षा फॉर्म व नामांकन/योग्यता फॉर्म (परीक्षार्थी के राजस्थान विश्वविद्यालय में पूर्व में नामांकित नहीं होने की स्थिति में) की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ **आगामी दो कार्य दिवसों में, परीक्षा फॉर्म पर अंकित संबंधित विभाग/महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं हो होगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित विभाग/महाविद्यालय में ही परीक्षा फॉर्म जमा करायें। विभाग/महाविद्यालय द्वारा अग्रेषित परीक्षा फॉर्म ही स्वीकार होंगे।

13. **संबंधित विभाग/महाविद्यालय परीक्षा सह नामांकन पत्रों के साथ एक शपथ पत्र (प्रारूप संलग्न) प्रस्तुत करेगा जिसके अन्तर्गत यह स्पष्टतया उल्लेख किया जायेगा कि विभाग/महाविद्यालय द्वारा कुल प्रवेशित छात्र/छात्रायें तथा परीक्षा फार्मो की संख्या विभाग/महाविद्यालय को आवंटित सीटो से अधिक नहीं है तथा विद्यार्थी द्वारा परीक्षा फॉर्म में भरे गये विषयों का मिलान महाविद्यालय को आवंटित विषयों तथा विद्यार्थियों को प्रदान किये गये विषय संयोजन (Subject Combinations) से मिलान कर लिया है तथा सभी विद्यार्थियों न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति के साथ मिडटर्म परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लिये है। इन तथ्यों का स्पष्टतया सत्यापन करने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन फॉर्म विश्वविद्यालय को नियत तिथि तक अग्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।**

14. स्नातकोत्तर (M.A./M.Sc./M.Com.) विषय की परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः निर्धारित **प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन पंजीकरण वेबसाईट www.uniraj.ac.in and www.univraj.org** पर कराना होगा। तत्पश्चात् प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु संबंधित विभाग/महाविद्यालय में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

15. फॉर्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फॉर्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। **इस चरण में फॉर्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी।** निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन आई.सी.आई.सी.आई. बैंक पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड (एटीएम)/क्रेडिट कार्ड से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म व नामांकन/योग्यता फॉर्म (परीक्षार्थी के राजस्थान विश्वविद्यालय में पूर्व में नामांकित नहीं होने की स्थिति में) की हार्ड कॉपी का प्रिंट निश्चित रूप से प्राप्त करें। **परीक्षार्थी ध्यान रखें की परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं हो या आपके विवरण से मिलान नहीं हो तो पूर्व में भरे गये फॉर्म को निरस्त मानते हुये पुनः नया परीक्षा फॉर्म भरें तथा परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढें।**

16. परीक्षा फॉर्म भरने वाले छात्र सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवदेन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन–पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड़ करें। **परीक्षार्थी अपना नाम, पिता व माता का नाम बोर्ड/विश्वविद्यालय की पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षाओं की अंकतालिकाओं के अनुसार ही भरें।**

17. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। परीक्षा शुल्क के अलावा अन्य सभी निर्धारित शुल्क देय होगा।

18. **सम्बन्धित विभाग/महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन कर ऑनलाईन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म में बदलाव संभव नहीं होगा।**

19. नियमित विद्यार्थी अपने नामांकन सह परीक्षा फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्बन्धित विभाग/महाविद्यालय जिसके वे नियमित विद्यार्थी हैं वहाँ जमा करवायें एवं स्वंयपाठी परीक्षार्थी नजदीकी राजकीय महाविद्यालय का चयन कर नामांकन सह परीक्षा फॉर्म भरें तथा उसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ चयनित राजकीय महाविद्यालयों में जमा करायें।

20. विभागों/महाविद्यालयों के नियमित/पूर्व परीक्षार्थियों एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र का आवंटन विश्वविद्यालय द्वारा यथा समय निर्धारित होगा। परीक्षा केन्द्र की सूचना परीक्षार्थियों के परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध होगी।

21. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में **परीक्षा/नामांकन फॉर्म की हार्ड कॉपी** संबंधित महाविद्यालय में जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा उन्हे परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

22. परीक्षार्थी ध्यान रखे कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फार्मो पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जाऐगें।

23. राजस्थान बोर्ड/राजस्थान विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी नामांकन फार्मो की हार्ड कॉपी के साथ मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन) एवं अंकतालिकाऐं साथ संलग्न करें।

24. **विभागों/महाविद्यालयों द्वारा लोगिन आई.डी. का निर्माण, फॉर्म चैकिंग, नामांकन व परीक्षा फार्मो की कक्षावार/संकायवार सूची आदि से संबंधित आवश्यक निर्देशों यथा महाविद्यालय लोगिन आई.डी./ई.मेल आई.डी.** का वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** एवं www.univraj.org पर अवलोकन करें।

25. परीक्षा सह नामांकन फॉर्म का संबंधित विभाग/महाविद्यालय द्वारा पोर्टल पर सत्यापन (Verified) करके उनकी सूची का प्रिंट पोर्टल से लेकर उस सूची में अंकित क्रमानुसार प्रत्येक परीक्षा सह नामांकन फॉर्म पर अंकित कर उन्हे कक्षावार व्यवस्थित कर परीक्षा सह नामांकन फार्मो को मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन) एवं अंकतालिकाओं के साथ सूची सहित दिनांक 22.11.2025 तक विश्वविद्यालय में नामांकन शाखा (कमरा नं. 118) में आवश्यक रूप से जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें। **उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त परीक्षा सह नामांकन फॉर्मो पर नियमानुसार विलम्ब शुल्क के साथ जमा किया जावेगा।**

26. **परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 7726953531 अथवा टोल फ्री नम्बर 18001806433 एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर 9372505528 पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

27. बी.टेक. उत्तीर्ण विद्यार्थी M.A./M.Sc. (Mathematics) सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने के लिए योग्य नहीं है, परीक्षार्थियों के द्वारा फिर भी परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाता है तो उनका परीक्षा आवेदन फार्म विभाग के द्वारा अस्वीकार कर दिया जायेगा एवं इसका शुल्क भी लौटाया नहीं जायेगा।

28. परीक्षा शुल्क हेतु कार्यालय आदेश क्रमांक क्रमशः Exam. V-A, B/2025/1362 dated 04-11-2025 एवं Exam. IV-A /V-A, B/2025/1772 dated 31.05.2025 का अवलोकन करें।

30.04.26

परीक्षा नियंत्रक

# परिशिष्ठ–अ

## स्वयंपाठी परीक्षा मई, 2026 के परीक्षार्थियों / महाविद्यालयों हेतु प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण सम्बन्धी दिशा–निर्देश

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्नातकोत्तर (भूगोल) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा मई, 2026 के लिये जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि प्रत्येक छात्र को चयनित प्रायोगिक विषय में प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है, प्रशिक्षण नहीं लेने वाले छात्रों को परीक्षा मई, 2026 की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

सभी स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रायोगिक प्रशिक्षण मई, 2026 हेतु निम्नलिखित महाविद्यालयों को प्रशिक्षण केन्द्र निर्धारित किया जाता है:–

### M.A./M.Sc. Geography

| College Code | NAME |
|---|---|
| 322 | Pt. Naval Kishore Sharma Govt. P.G. College, Dausa |
| 366 | Govt. College Sambhar Lake (Jaipur) |
| 371 | L.B.S. Govt. College Kotputli (Jaipur) |
| 376 | Govt. Arts College Chimanpura (Shahpura) Jaipur |
| 378 | Seth R.L. Saharia Govt. P.G. College, Kaladera (Jaipur) |
| 448 | L.B.S. College, Tilak Nagar, Jaipur |
| 488 | University Department of Geography, Jaipur |

1. प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु परीक्षार्थियों को अपनी सुविधानुसार संबंधित महाविद्यालयों / विभाग में से किसी एक में (जहां पर उनके विषय उपलब्ध हों) जानकारी प्राप्त कर निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क वेबसाइट www.univraj.org पर ऑनलाइन जमा कराना होगा तथा सम्बन्धित महाविद्यालय / विभाग में प्रशिक्षण शुल्क की हॉर्डकॉपी प्रस्तुत कर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्रशिक्षण में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
2. **प्रशिक्षण शुल्कः–** प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण लेने वाले स्नातकोत्तर भूगोल विषय के लिए रूपये 2000/– प्रशिक्षण शुल्क ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करवाना होगा। प्रशिक्षण शुल्क सावधानीपूर्वक जमा करवायें। प्रशिक्षण नहीं लेने अथवा प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने जैसी स्थिति मे प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा। **परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ऑनलाईन जमा प्रशिक्षण शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का शुल्क महाविद्यालयों को किसी भी स्थिति में नहीं दें।**
3. शुल्क जमा करावाने के पश्चात् प्रशिक्षण फॉर्म का प्रिंट लेकर चयनित महाविद्यालय में जमा करवाना होगा। अन्यथा प्रशिक्षण में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। चयनित महाविद्यालय जहाँ पर हार्ड कॉपी जमा करवायी है। **प्रशिक्षण प्रारम्भ होने की निश्चित तिथि हेतु परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय / विभाग से सम्पर्क करें।**
4. संबंधित प्रशिक्षण केन्द्रों (महाविद्यालयों) को यह भी निर्देशित किया जाता है कि:–
5. (I) प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त प्रशिक्षण प्रमाण पत्र महाविद्यालयों को उनके पोर्टल से ऑनलाईन डाउनलोड कर प्राचार्य के हस्ताक्षर एवं सील सहित प्रशिक्षार्थियों को देना होगा। यह प्रमाण पत्र प्रायोगिक विषयों की परीक्षा के लिये निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों द्वारा जमा करवाने होगें, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के अभाव में परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें। संबंधित केन्द्राधीक्षक बिना प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं करें, अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्राचार्य द्वारा ऑनलाईन जारी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र की फोटो प्रति परीक्षार्थी अपने रिकार्ड के लिए सुरक्षित रखें।

   (II) महाविद्यालय द्वारा जिन परीक्षार्थियों को ऑनलाईन प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं उनकी कक्षावार / संकायवार सूची शुल्क सहित प्रशिक्षण समाप्ति के 7 दिवस में परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित / जमा करवानी है, ताकि उनको देय हिस्सा राशि दिये जाने की कार्यवाही की जा सके।

   (III) परीक्षार्थियों द्वारा कुल जमा प्रशिक्षण शुल्क राशि में से नियमानुसार विश्वविद्यालय हिस्सा राशि काटकर प्रशिक्षण शुल्क का 60 प्रतिशत संघटक (Constitutent) महाविद्यालयों एवं भूगोल विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर तथा 80 प्रतिशत राशि राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा उनके खाते में जमा करवाया जायेगा। अतः बिन्दु (II) के अनुसार प्रेषित सूची के साथ महाविद्यालयों को प्राचार्य के खाते का बैंक विवरण (खाता धारक का नाम, खाता संख्या, बैंक का नाम, ब्रांच एवं आई.एफ.एस.सी. कोड़) प्रस्तुत करना है
6. **परीक्षार्थियों की अधिकतम सीमाः–** प्रत्येक महाविद्यालय में प्रति कक्षा / विषय / संकायवार अधिकतम 500 परीक्षार्थियों का ही पंजीकरण होगा। इसके पश्चात् उक्त कक्षा / विषय में पंजीकरण नहीं होगा।
7. प्रशिक्षण लेने वाले परीक्षार्थी केवल ऑनलाइन जारी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर ही प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे, अपितु उनकी योग्यता संबंधी जॉच विश्वविद्यालय स्तर पर करने के पश्चात् ही प्रायोगिक परीक्षा हेतु योग्य हो सकेंगे। प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र की सूची प्रायोगिक परीक्षा प्रवेश पत्र पर यथा समय पृथक से सूचित की जायेगी।
8. प्रशिक्षणार्थियों की कक्षा / संकायवार सूची महाविद्यालय पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड होगी।
9. प्रायोगिक प्रशिक्षण आवेदन पत्र के संबंध में यदि कोई समस्या हो तो परीक्षार्थी / महाविद्यालय हेल्पलाईन नम्बर 7726953531 अथवा टोल फ्री नम्बर 18001806433 एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर 7304914963 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**परीक्षा नियंत्रक**

# परिशिष्ठ–ब

संबंधित परीक्षार्थियों एवं महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि:–

1. स्वयंपाठी परीक्षार्थी कक्षा एवं संकायवार निम्न सूची में से नजदीकी महाविद्यालय का चयन कर ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरकर उसी महाविद्यालय में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा करवायें।
2. दौसा एवं जयपुर जिले के नियमित परीक्षार्थी उसी महाविद्यालय से परीक्षा फॉर्म भरेगें जहाँ के वे नियमित परीक्षार्थी हैं।

नोट: परीक्षा केन्द्र का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा बाद में निर्धारित होगा। किसी स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर नजदीकी सिटी/एरिया के उपलब्ध महाविद्यालयों में परीक्षा केन्द्र आवंटित होगा जिसकी सूचना परीक्षा प्रवेश पत्र पर अंकित होगी।

**CITY WISE LIST OF COLLEGES FOR EXAM. May, 2026**

**PG/PROFESSIONAL SEMESTER NON-COLLEGIATE FOR DAUSA AND JAIPUR DISTRICT**

| College Code | College Name | Class | Remark |
|---|---|---|---|
| **District- Dausa** | | | |
| 322 | Pt. Nawal Kishore Sharma Govt. College, Dausa | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 327 | Rajesh Pilot Govt. College, Lalsot (Dausa) | M.A./M.Sc./M.Com. | Girls/Boys |
| 332 | Sri Sant Sundardas Govt. Girls College, Dausa | M.A./M.Sc./M.Com. | Girls |
| 335 | Rajesh Pilot Govt. College, Bandikui (Dausa) | M.A./M.Sc./M.Com. | Girls/Boys |
| 1128 | Govt. College, Mahuwa (Dausa) | M.A./M.Sc./M.Com. | Girls/Boys |
| **District -Jaipur (Rural)** | | | |
| 356 | Govt. Girls College, Chomu (Jaipur) | M.A./M.Sc./M.Com. | Girls |
| 366 | Govt. College Sambhar Lake (Jaipur) | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys/Girls |
| 371 | L.B.S. Govt. College, Kotputli (Jaipur) | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 374 | Smt. Panna Devi Morijawala Govt. College, Kotputli (Jaipur) | M.A./M.Sc./M.Com. | Girls |
| 376 | Govt. Arts College Chimanpura (Shahpura) Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 378 | S.R.L.S. Govt. College, Kaladera (Jaipur) | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys/Girls |
| **District -Jaipur (Urban)** | | | |
| 421 | S.S. Jain Subodh Girls College, Sanganer, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Girls |
| 379 | University Maharani's College, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com./Professional Semester | Girls |
| 403 | Alankar Mahila Mahavidhyalaya, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 424 | University Maharaja's College, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com./Professional Semester | Boys |
| 426 | Sh. Bahawani Niketan College for Boys, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 431 | Agarwal College, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 433 | Stani Memorial College, Mansarovar, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 435 | St. Wilfred's College, Mansarovar, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 446 | University Rajastan College, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com./Professional Semester | Boys |
| 448 | L.B.S. College, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 450 | S.S.G. Pareek College, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 458 | University Commerce College, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com./Professional Semester | Boys |
| 459 | S.S. Jain Subodh College, Rambagh, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Boys |
| 489 | P.G. School of Humanities, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com./Professional Semester | Girls/Boys |
| 496 | P.G. School of Commerce, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com./Professional Semester | Girls/Boys |
| 742 | St. Wilfred's College for Girls, Mansarovar, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com. | Girls |
| 829 | Shree Maharaja Vinayak College, Meena Paldi, Agra Road, Jaipur | M.A./M.Sc./M.Com./Professional Semester | Boys |

परीक्षा नियंत्रक